आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी समुद्री राज्य विकास परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए गोवा के दौरे पर हैं।
- सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के लिए मध्योत्तर अण्डमान जिले के राजस्व अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।
- अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत शोर प्वाइंट और बम्बूफ्लाट में अभियान चलाया गया।
- राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
- कमोर्टा द्वीप में इस महीने की अट्ठारह और उन्नीस तारीख को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी बीसवीं समुद्री राज्य विकास परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए गोवा के दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान उप राज्यपाल गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी सावंत से मुलाकात कर द्वीप प्रशासन द्वारा बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय के साथ उठाए जा रहे शिपिंग, बंदरगाहों और पर्यटन क्षेत्रों में आपसी हित के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन के राजस्व अधिकारियों ने जिले भर में विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षणों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विशेष रूप से तम्बाकू उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन से संबंधित सभी विक्रेता और व्यवसाय तंबाकू उत्पाद अधिनियम में दिए गए नियमों का पालन कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने

अधिनियम की धाराओं का पालन करने के महत्व पर जोर दिया, जो सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और नाबालिगों को या शैक्षणिक संस्थानों के सौ मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना हैं। दुकान मालिकों का नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। यह अभियान मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीना के नेतृत्व में चलाया गया। उपायुक्त ने कानून के सख्त क्रियान्वयन के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई और लोगों से किसी भी उल्लंघन की सूचना देने के लिए आम जनता को प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन ने नागरिकों से तंबाकू मुक्त समुदाय बनाने की इस पहल का समर्थन करने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने फरारगंज तहसील के शोर पॉइंट और बम्बूफ्लाट में बेदखली अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य सरकारी सड़कों, पैदल मार्गों, नालियों और अन्य सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण को हटाना था, जो पैदल चलने वालों के लिए खतरा पैदा करते थे और लोगों की स्वतंत्र आवाजाही में बाधा डालते थे। अण्डमान लोक निर्माण और पुलिस विभाग के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया गया। इसी तरह के अभियान में प्रातरापुर में दो सौ वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे अतिक्रमण के किसी भी मामले की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><><>

सी आर सी ब्रुक्शाबाद की ओर से कल डिगलीपुर में दिव्यांगजनों के लिए करियर विकल्पों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा के खंड परियोजना अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि उप–शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बारहवीं कक्षा के बाद दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े पाठ्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने में मदद करेगी, जिससे छात्रों को करियर चुनने में आसानी होगी। समग्र शिक्षा की दिव्यांग इकाई की बी आर पी – एस. विजया ने दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े व्यवसायों से संबंधित पाठ्यक्रम और देश भर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के बारे में जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ शिक्षक जय सिंह ने ऐसे छात्रों की विशेष जरूरतों पर प्रकाश डाला। सी आर सी ब्रुक्शाबाद की

विशेषज्ञा सुश्री सरन्या और टी वाई आबिद ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से छात्रों के कल्याण से जुड़े करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में करीब अस्सी स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की ओर से कमोर्टा द्वीप पर सर्वेक्षण और निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की एक टीम अट्ठारह से उनतीस सितम्बर तक कमोर्टा द्वीप पर जनजाति स्वास्थ्य देखभाल सर्वेक्षण और आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

मनारघाट ग्राम पंचायत में मनारघाट–एक में और लिटिल अण्डमान के रामकृष्णपुर में वार्ड सदस्य के उप चुनाव को देखते हुए उनतीस सितम्बर और एक अक्टूबर को ड्राई डे घोषित किया गया है। इन तारीखों में पूरे ग्राम पंचायत मनारघाट और रामकृष्णपुर में किसी भी तरह की शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर में आज से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन आज दिन में ग्यारह बजे आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

उधर, इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से भी आज हिन्दी दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। हिन्दी दिवस की महत्ता: देश की आवाज और देश की शान विषय पर आयोजित वेबिनार आज दिन में ग्यारह बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने वरिष्ठ भाजपा नेता और कमोर्टा निवासी दुरई के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। आई सी डी एस परियोजना के तहत दक्षिण अंडमान के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए निकोबार जिले के चैम्पिन और ननकौड़ी द्वीपसमूह के आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी

कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय खाद्यान्नों और पोषण से भरपूर आहार को प्रदर्शित किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषाहार के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। माह के तहत प्रधानमंत्री के सुपोषित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए बड़े पैमाने पर ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>

बीएसएनएल पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत बीस सितंबर को दिन में दस बजे बीएसएनएल भवन शहीद द्वीप में आयोजित की जाएगी। दूरसंचार विभाग और बीएसएनएल पेंशनभोगियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतें सत्रह सितंबर, तक ई–मेल या वाट्सएप नम्बर नौ चार चार दो चार नौ शून्य नौ पांच चार पर दर्ज करा सकते हैं। सभी पेंशनभोगियों से बीस सितंबर को शहीद द्वीप के बीएसएनएल कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

फीनिक्स बे पावर हाउस के पास बिजली के खंभों को बदलने के साथ ओवरहेड लाइन के लिए एयर ब्रेक स्विच लगाने के कार्य किए जाने के चलते कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक लाइट हाउस, फीनिक्स बे, फिशरीज जेटटी क्षेत्र, अनारकली, दिलानीपुर, क्वारी हिल, फोंगी चौंग, फोरशोर रोड, मेगापोड, टील हाउस, हॉर्टिकल्चर रोड पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

डिगलीपुर में दिव्यांगजनो को कैरियर चुनने के बारे में जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया– द इको ऑफ इंडिया की बड़ी खबर है। डिगलीपुर बाजार से रामनगर गांव को जोड़ने के लिए एक नए निजी बस सेवा की शुरूआत की गई है और इसमें यात्रियों के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है– द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की खबर है। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है– द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर को सचित्र प्रकाशित किया है। मनारघाट पंचायत में हस्तशिल्प पर अल्पावधि

कुशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को द्वीप समाचार ने अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>